# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## प्रथम बैठक

दिनांक - 27.09.2017

दिनांक 16.09.17 को गठित IQAC की प्रथम बैठक आज दिनांक 27 सितंबर 2017 को अपराह्न 3:00 बजे से चेयरमैन की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन द्वारा IQAC की प्रथम बैठक में सम्मिलित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विकास में IQAC की भूमिका और उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसी क्रम में महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम इस्तेमाल करते हुए छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

2. समिति ने सर्वप्रथम महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संसाधन पर विचार किया और महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला को विषयवार अलग-अलग स्थापित करने और उनमें सुविधायें बढ़ाने का निर्णय लिया।

3. महाविद्यालय विद्युत आपूर्ति की दृष्टि से ग्रामीण फीडर से जुड़ा होने के कारण अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, साथ ही ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में सौर ऊर्जा का प्रयोग करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

4. हाल ही में महाविद्यालय के लिए शासन द्वारा स्वीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की मान्यता विश्वविद्यालय से लेने के लिए कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

5. महाविद्यालय का नैक (NAAC) से प्रत्यायन कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए दस्तावेजों का उचित संधारण और रूसा (RUSA) के तहत नैक मूल्यांकन हेतु वर्कशॉप आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

6. महाविद्यालय में नवगठित NCC इकाई के बेहतर क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व से कार्यरत NSS ईकाई के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और उपयोगी कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। समिति ने इस बात पर भी सहमति जताई की नवंबर में NSS का वार्षिक शिविर जमुआटांड़ में लगाया जाय।

7. शासन द्वारा घोषित अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त शैक्षणिक, खेलकूद, मूल्यांकन, सांस्कृतिक आदि गतिविधियाँ समय पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। टीचिंग डायरी, उपस्थिति रजिस्टर के साथ ही टीचिंग प्लान बनाने का भी निर्णय लिया गया।

8. बेहतर अकादमिक वातावरण बनाने के लिए छात्र/छात्राओं से फीडबैक लेने का मैकेनिज्म विकसित करने का निर्णय लिया गया।

9. महाविद्यालय की रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित अंतराल पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की मदद से बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाने का निर्णय लिया गया।

10. आधुनिक लाइब्रेरी की दिशा में प्रयास करते हुए लाइब्रेरी का ऑटोमेशन कराने कराने का निर्णय लिया गया जिससे पुस्तकों के रखरखाव, वितरण और संधारण में गति आ सके। साथ छात्र/छात्राओं के लिए अधिक न्यूज पेपर और पत्रिकायें मंगाने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पृथक से गर्ल्स कॉमन रूम स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

12. सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियाँ (SVEEP) आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

13. छात्र/छात्राओं में एकरूपता लाने के लिए और बेहतर अनुशासन बनाने के लिए महाविद्यालय में ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया।

14. महाविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में शोध केंद्र की स्थापना हेतु प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

15. महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बेहतर इस्तेमाल के लिए Facility Audit कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक श्री रमेश पटेल को प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया।

16. छात्र-छात्राओं की विधिक साक्षरता के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अंत में महाविद्यालय के समग्र विकास के संकल्प के साथ ही IQAC कोआर्डिनेटर के आभार के साथ मीटिंग का समापन हुआ। आज की इस बैठक में निम्न लिखित सदस्य उपस्थित रहे —

1. श्री एन. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिविज्ञान — [signature]
2. डॉ. एस. एन. साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र — [signature]
3. श्री जी.पी. कोरी, कार्यालयीन सदस्य [signature]
4. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य [signature]
5. श्रीमती के. तनुजा, विशेष आमंत्रित सदस्य सह ग्रंथपाल [signature]

[signature] 27.09.17
डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय
संयोजक IQAC

Government College Balrampur, AISHE C-9750, Dist.

[signature]
श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.)

द्वितीय बैठक
दिनांक - 14.12.2017

आज दिनांक 14.12.2017 को IQAC की दूसरी बैठक का आयोजन 3:00 बजे अपराह्न में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की संपूर्ण कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:-

1. सर्वप्रथम प्राचार्य ने IQAC के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की शुरुआत की। संयोजक डॉ. यू.के. पाण्डेय ने बिन्दुवार बैठक के एजेण्डे की जानकारी दी।

2. समिति ने पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की और विभिन्न निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली। समिति ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का संकल्प दोहराया।

3. समिति ने सर्वप्रथम एकेडमिक ऑडिट करने का निर्णय लिया और इसके लिए श्री. एन.के. सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया। एकेडमिक ऑडिट में मुख्यतः पाठ्यक्रम की वर्तमान स्थिति, कालखंडों का बेहतर इस्तेमाल, विद्यार्थियों की उपस्थिति को प्रमुख रूप से देखा जायेगा। इसके साथ ही सुझाव भी माँगे जायेंगे।

4. समिति ने समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक सदस्यों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में बायोमीट्रिक सिस्टम लगाने का फैसला किया। उसमें नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करने का भी निर्णय लिया गया।

P.T.O.

5. समिति ने महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव की रूपरेखा तय की और समय पर खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करने का निर्णय लिया। समस्त विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

6. समिति ने नैक मूल्यांकन कराये जाने के लिए सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ की एक दिवसीय आंतरिक कार्यशाला भी आयोजित करने का निर्णय लिया। इसका मुख्य विषय महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन हेतु रिकार्डों का रखरखाव और समयबद्ध तैयारी होगा।

7. समिति ने अर्धवार्षिक परीक्षाओं के बेहतर संचालन का निर्णय लिया और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने केलिए प्रयास करने का निर्णय लिया।

8. महाविद्यालय में बेहतर पठन- पाठन का वातावरण बनाने के लिए समिति ने महाविद्यालय परिसर में आक्सीरीडिंग जोन विकसित करने का निर्णय लिया। इसके तहत जिला प्रशासन के सहयोग से पेड़ों के इर्द-गिर्द चबूतरों का निर्माण किया जायेगा, जिसमें विद्यार्थी समूह में बैठकर अध्ययन कर सकेंगे।

9. समिति ने महाविद्यालय का ग्रीन ऑडिट कराने का निर्णय लिया। इसके लिए श्रीमती के. तनुजा को प्रभारी नियुक्त किया गया। ग्रीन ऑडिट के अंतर्गत मुख्यतः निम्न बिन्दुओं को शामिल किया जायेगा:—

(i) जल संरक्षण
(ii) विद्युत की बचत
(iii) प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान
(iv) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि।

10. फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत महाविद्यालय की ग्रंथपाल श्रीमती के. तनुजा को ओरिएंटेशन कार्यक्रम हेतु भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उच्च क्षमता का RO सिस्टम लगाये जाने का निर्णय लिया। इसके लिए जिला प्रशासन का सहयोग लेने का भी निर्णय लिया गया।

12. छात्र-छात्राओं की आगामी परीक्षाओं को देखते हुए उनके लिए अलग से कक्षायें लगाने का भी निर्णय लिया गया जिससे विद्यार्थी अपनी शंका समाधान कर सकें।

13. विभिन्न महाविद्यालयीन समितियों की बैठक समय पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही छात्रसंघ की बैठक भी नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

14. विद्यार्थियों के प्रायोगिक कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

समिति के संयोजक डॉ० यू०के० पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ ही आज की बैठक का समापन हुआ। IQAC की आज की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. श्री एन. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान
2. डॉ. एस.एन. साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
3. श्रीमती के. तनुजा, विशेष आमंत्रित सदस्य, ग्रंथपाल
4. श्री जी.पी. कोरी, कार्यालयीन सदस्य
5. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य

Government College Balrampur AISHE C-9750 Dist.-Balrampur (C.G.)

डॉ० यू० के० पाण्डेय
संयोजक IQAC

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## तृतीय बैठक
## दिनांक – 21.03.2018

आज दिनांक 21.03.2018 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक चेयरमैन/प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और समिति के संयोजक डॉ॰ यू॰ के॰ पाण्डेय ने बैठक के एजेण्डे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2. सर्वप्रथम पूर्व बैठक में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की गई और शैक्षणिक गतिविधियों के बेहतर संचालन, खेलकूद, साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियों और वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया गया।

3. वर्तमान समय में जारी वार्षिक परीक्षाओं के बेहतर संचालन का निर्णय लिया गया। परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय लिया गया, जिससे परीक्षाओं की शुचिता बनी रहे। इसी तारतम्य में आंतरिक उड़नदस्ते के गठन का भी निर्णय लिया गया।

4. समिति ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित की जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के समयबद्ध मूल्यांकन का निर्णय लिया, जिससे परीक्षा परिणाम निर्धारित समय पर जारी हो सकें।

5. महाविद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नये सत्र के

पूर्व अतिरिक्त CCTV कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया।

6. नैक मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए SSR में प्रस्तावित सातों मानकों के लिए अलग- अलग प्रभारी निर्धारित करने का निर्णय लिया गया, जिससे महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन और प्रत्यायन में गति आ सके।

7. आगामी 11 जुलाई को महाविद्यालय अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

8. महाविद्यालय के पुस्तकालय में सुविधा विस्तार को ध्यान में रखते हुए इनफ्लिबनेट की सदस्यता लेने का निर्णय लिया गया। जिससे विद्यार्थियों को ज्ञान के अधिकतम संसाधन उपलब्ध हो सकें।

9. पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगामी जुलाई में वृहद वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए वन विभाग और स्थानीय उद्यान से चर्चा करने पर सहमति बनी।

10. नये सत्र में विद्यार्थियों का प्रवेश सुगमतापूर्वक हो इसके लिए एक सुविधा सेल गठित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए अलग से फी काउंटर बनाने का निर्णय लिया गया।

11. NSS एवं NCC के माध्यम से वनों को आग से बचाने के लिए आस-पास के गाँवों में जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्रीय समस्या हाथियों के उत्पात से बचाव के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी वर्षा ऋतु

को ध्यान में रखते हुए सर्पदंश से बचाव के लिए भी NCC/NSS के छात्र-छात्रायें ग्रामीणों को जागरूक करेंगे।

12. फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत श्री नंदकिशोर सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पतिविज्ञान को रिफ्रेशर कोर्स में भेजने का निर्णय लिया गया।

13. महाविद्यालय परिसर को अधिक आकर्षक बनाने के लिए हार्टीकल्चर विभाग को सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

अंत में महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु प्रयास करते रहने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ। संयोजक डॉ॰ यू॰ के॰ पाण्डेय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। आज की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

1. श्री. एन. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र
2. श्रीमती अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, राजनीतिविज्ञान
3. श्रीमती के. तनुजा, ग्रंथपाल, विशेष आमंत्रित
4. डॉ॰ एस. एन. साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
5. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य
6. श्री. जी. पी. कोरी, कार्यालयीन सदस्य

21.03.18

डॉ॰ यू॰ के॰ पाण्डेय
संयोजक, IQAC

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य/चेयरमैन IQAC

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)